प्रेस नोट

दिनांक 01.07.2021 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर की इन्टेलिजेंस शाखा की गोपनीय सूचना के आधार पर ब्यूरो द्वारा तीन अधिकारियों के विरूद्व आय से अधिक परिसम्पत्तियां अर्जित करने के तीन अलग–अलग प्रकरण दर्ज कर एक दर्जन से भी अधिक स्थानों पर तलाशी की कार्यवाही की गई थी। तीनों आरोपी अधिकारियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही में आज दिनांक 02.07.2021 को ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा जारी तलाशी अभियान में उनके ठिकानों से आय के विधिक स्त्रोतों से अधिक अवैध रूप से अर्जित निम्न वर्णित परिसम्पत्तियां कल हुई कार्यवाही के अलावा पाई गई है।

निर्मल कुमार गोयल, अधिशाषी अभियन्ता, जयपुर विकास प्राधिकरण, जोन मानसरोवर

1. लॉकर 1 – 650 ग्राम सोना कीमतन 32.50 लाख, 2 किलो चांदी कीमतन 1.35 लाख
2. लॉकर 2 – 2 लाख नकद, 3.55 लाख का डायमण्ड सेट
3. लॉकर 3 – 3.55 लाख रूपये नकद, 735 ग्राम सोना कीमतन 36 लाख, 2 लाख 40 हजार का डायमण्ड सेट व 100 ग्राम चांदी

इस प्रकार तीनों लॉकरों में कुल 5.50 लाख रूपये नकद, 1.385 किलो सोना, लगभग 6 लाख कीमत का डायमण्ड सेट, 1.40 लाख की चांदी, कुल लगभग 80 लाख का सामान मिला है।

ए.सी.बी. द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस थाना शिप्रापथ द्वारा देशी विदेशी शराब की बोतलों को जब्त कर प्रकरण सं. 395/2021 दर्ज किया गया है।

तलाशी के दौरान जय क्लब व झालाना क्लब की सदस्यता व उसमें खर्च की गई रसीदें, यूरोप एवं अमरीका की विदेश यात्राओं के प्रमाण एवं एक इनफिल्ड मोटर–साईकल व दो ट्रैक्टरों के कागजात भी मिले हैं।

प्रदीप कुमार शर्मा, पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी सूरसागर जिला जोधपुर आयुक्तालय

लॉकर की तलाशी में 11 लाख मूल्य के लगभग 200 ग्राम सोना मिला है। बीकानेर स्थित मकान की सर्च जारी है।

मनीष कुमार शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी चितौडगढ

तलाशी में पत्नी के नाम की 4 डिलक्स लग्जरी बसें मिलीं हैं, जिनकी प्रथम दृष्टया अनुमानित लागत लगभग 1.40 करोड़ है। आरोपी के जयपुर स्थित फ्लैट की तलाशी जारी है।

तलाशी की सम्पूर्ण कार्यवाही का समन्वय इन्टेलिजेंश शाखा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (इन्टे.) श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा** द्वारा किया जाकर सम्पूर्ण कार्यवाही का निकटतम पर्यवेक्षण **श्री सवाई सिंह गोदारा उप महानिरीक्षक** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा किया जा रहा है। तलाशी की कार्यवाही जारी है।

भगवान लाल सोनी
महानिदेशक पुलिस
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
राजस्थान जयपुर।